# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–18 मार्च 2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज लोकसभा में कहा कि प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ ने उभरते भारत की भावना को प्रतिबिंबित किया है और पूरे विश्व ने देश की शक्ति को देखा है। विविधता में एकता भारत की विशेषता है, जिसे हाल ही में संपन्न महाकुंभ के दौरान अनुभव किया गया। महाकुंभ पर सदन में अपनी बात रखते हुए हुए श्री मोदी ने कहा कि जब पूरा विश्व चुनौतीपूर्ण समय से गुजर रहा है, तो इस एकता का भव्य प्रदर्शन देश की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने विविधता में एकता की इस विशेषता को समृद्ध करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

***अनेकता में एकता भारत की विशेषता है, ये हम हमेशा कहते आए हैं, ये हमने हमेशा महसूस किया है और इसी के विराट रूप का अनुभव हमने प्रयागराज महाकुंभ में किया है। हमारा दायित्व है कि अनेकता में एकता की इसी विशेषता को हम निरंतर समृद्ध करते रहे।***

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कुंभ से प्रेरणा लेकर देश की कई नदियों को खतरों से बचाने की अपील की।

***महाकुंभ से हमें अनेक प्रेरणाएं भी मिली हैं। हमारे देश में इतनी सारी छोटी बड़ी नदियां हैं, कई नदियां ऐसी हैं, जिन पर संकट भी आ रहा है। कुंभ से प्रेरणा लेते हुए हमें नदी उत्सव की परंपरा को नया विस्तार देना होगा।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि महाकुंभ के ऐतिहासिक आयोजन ने भारत की क्षमता के बारे में कुछ लोगों में संदेह को दूर कर दिया है। इस आयोजन ने देशवासियों को बहुत प्रेरणा दी है क्योंकि इसका नेतृत्व स्वयं लोगों ने किया था।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज महाकुंभ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सदन में रखे गये विचारों को लेकर आभार जताया है। सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये प्रधानमंत्री के उद्बोधन का वीडियो साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने महाकुंभ से जुड़े सभी लोगों का अभिनंदन किया है। श्री योगी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी मार्गदर्शन में सम्पन्न हुए एकता के महायज्ञ महाकुंभ दो हजार पचीस के स्वच्छ, सुरक्षित, सुव्यवस्थित और ऐतिहासिक आयोजन ने 'एक भारत–श्रेष्ठ भारत–सर्वसमावेशी भारत' के साथ ही 'वसुधैव कुटुम्बकम' का आत्मीय संदेश पूरी दुनिया को दिया है।

**********

प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल आज कुशीनगर दौरे पर पहुंची। एक आयोजन के दौरान राज्यपाल ने आंगनबाड़ी किट, भू पट्टा, एक जिला एक उत्पाद–ओडीओपी योजना का टूल किट, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशस्ति पत्र, सफाईकर्मियों को स्वच्छता किट एवं पात्र लाभार्थियों को टैबलेट और आयुष्मान कार्ड वितरित किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की और कलक्ट्रेट परिसर में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं की सराहना करते हुए राज्यपाल ने बच्चों की शिक्षा पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षित करके ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार किया जा सकता है।

**********

प्रदेश सरकार ने आज राज्य के बासठ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई के तकनीकी उन्नयन के लिये टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड के साथ अनुबंध किया। लखनऊ के आईटीआई परिसर में आयोजित अनुबंध कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिलदेव अग्रवाल मौजूद रहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस अनुबंध से प्रदेश के युवा लाभान्वित होंगे। उनके लिये रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

**********

रेलवे ने पिछले दस वर्षों में पांच लाख नौकरियां दी हैं और एक लाख से अधिक नौकरियों के लिए भर्ती प्रक्रिया चल रही है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारतीय रेलवे अच्छी वित्तीय स्थिति में है और सरकार इसे अधिक बेहतर बनाने के लिए काम कर रही है। श्री वैष्णव ने रेल मंत्रालय के कामकाज पर लोकसभा में चर्चा का जवाब देते हुए आज यह बात कही।

**********

अयोध्या में रामनवमी पर्व को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं। इस क्रम में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने श्रीरामलला के जन्मोत्सव का कार्यक्रम जारी किया है। ट्रस्ट के अनुसार श्रीरामनवमी का पर्व छह अप्रैल को पारम्परिक तरीके से मनाया जायेगा। इस अवसर पर रामलला के पूजा अर्चना के साथ साथ सूर्य तिलक द्वारा उनका अभिषेक किया जाएगा।

**********

वाराणसी जिले में आज बुढ़वा मंगल पर विविध आयोजन किये जा रहे है। होली के बाद पड़ने वाले पहले मंगलवार को वाराणसी में बुढ़वा मंगल के तौर पर मनाने की परम्परा रही है। यह खास दिन संस्कृति और पारम्परिक संगीत के उत्सव के तौर पर भी विशेष पहचान रखता है।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने बीस मार्च से लगातार तीन दिनों तक पूर्वी उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई है। विभाग ने इस अवधि में वज्रपात को लेकर भी चेतावनी दी है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार बीस और बाईस मार्च को तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से, जबकि इक्कीस मार्च को चालीस से पचास किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज झोंकेदार हवा चलने की संभावना है।

**********